>

Title: Need to appoint local people as postman-laid.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली): हमारे देश में गांव गांव में छोटे छोटे पोस्ट आफिस हैं । उन पोस्ट आफिस के डाकिया अपने निकटतम हैड पोस्ट आफिस जाकर के पत्र एवं मनीआर्डर, विधवा पेंशन और कई सरकारी योजना की सहायता गांव गांव पहुंचाता है ।

डाकिया अब चलता फिरता बैंक बन चुका है । मोदी जी की सोच ने अब निरक्षर लोगों के लिए भी अंगूठा छाप डिजीटल बैंक एकाउंट की व्यवस्था करवाई है जिसके जरिये एक मैसेज से 5000 रूपये तक की कैश, डिलीवरी हमारा डाकिया घर पहुंचाता है ।

ऐसे डाकियों की नियुक्ति एक राज्य से दूसरे राज्यों में होता है, इसकी वजह से स्थानीय लोगों में नाराजगी रहती है । भाषा में भी परेशानी होती है । विश्वास संपादन में शंका-कुशंका रहती है और छोटे वेतन में डाकिया के जीवन-यापन में भी अत्यधिक परेशानी रहती है ।

इसलिए माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि डाकियों की नियुक्ति अपने राज्य से ही करें जिससे स्थानीय लोगों को भी न्याय मिले ।